बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक–11.10.2019 समयः 05.00 बजे अपराह्न

माह सितम्बर 2019 में दिनांक 27.09.2019 से 30.09.2019 तक राज्य में अप्रत्याशित वर्षा होने एवं नदियों के जल स्तर में वृद्धि से कुल 15 जिले यथा पटना, भोजपुर, भागलपुर, नवादा, नालन्दा, खगड़िया, समस्तीपुर, लखीसराय, बेगूसराय, मुंगेर, बक्सर, कटिहार, जहानाबाद, अरवल, पूर्णियाँ जिले मुख्य रूप से बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। वर्त्तमान में भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, नालन्दा, अरवल, लखीसराय, नवादा, समस्तीपुर, मुंगेर, पटना, बेगूसराय एवं पूर्णियां जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है।

सम्प्रति बाढ़ से 3 जिलों के 25 प्रखण्डों के 193 पंचायतों के अन्तर्गत कुल 701 गाँव की लगभग 11.37 लाख जनसंख्या प्रभावित है। बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ 15 राहत शिविर एवं 160 सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है। आबादी निष्क्रमन एवं आवागमन को सुगम बनाने हेतु कुल 353 सरकारी एवं निजी नावों का संचालन किया जा रहा है। इन जिलों में कुल **3 एन0डी0आर0एफ0/ एस0डी0आर0एफ0** टीम कार्यरत है। अबतक नदी/तालाब/ पोखर में डूबने / दिवार गिरने से **61 मानव क्षति एवं 10 व्यक्ति की घायल** होने तथा बाढ़ से डूबने के कारण **36 मानव क्षति कुल 97 मानव क्षति** की सूचना प्राप्त हुई है।

स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।